तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज प्रकरण संख्या :– 154/2025 अशोक वगै0 बनाम तहसीलदार प्रार्थना पत्र अ. धा. 136 राज. भू राजस्व अधिनियम	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील जारी हुए
11.07.2025	पत्रावली वास्ते आदेश पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित। दौराने बहस वकील प्रार्थी ने कथन किया कि वाके ग्राम टोडी तहसील गुढागौड़जी जिला झुन्झुनूं में भूमि खसरा नं. 1019 रकबा 0.04 है0 भूमि अवस्थित है जो आवेदकगण की खातेदारी भूमि है। उक्त भूमि की किस्म दिनांक 22.08.1981 के खसरा परिशोधन में पुख्ता मकान थी लेकिन उक्त खसरा परिशोधन के बाद बने राजस्व रिकॉर्ड में भूमि की किस्म बारानी तृतीय अंकित हो गई जिसे दुरूस्त किया जाये। अतः उक्त भूमि की किस्म बारानी तृतीय की बजाय आवासीय अंकित किया जाये। वकील प्रार्थी को सुना जाकर पत्रावली का अवलोकन किया गया। अनुतोष के मुताबिक दुरूस्ती बाबत तहसीलदार से रिपोर्ट ली गई। तहसीलदार ने अपनी रिपोर्ट पत्र क्रमांक भू.अ./25/3003 दिनांक 26.06.2025 के द्वारा न्यायालय में पेश की। तहसीलदार ने अपनी रिपोर्ट में अंकित किया है कि राजस्व ग्राम टोडी के वर्तमान खसरा नं. 1019 रकबा 0.04 है0 की खातेदारी अशोक कुमार पुत्र धनराज हिस्सा 1/2, गोविन्दराम पुत्र बिलासराय हिस्सा 1/2 जाति महाजन दर्ज रिकॉर्ड है। प्रार्थीगण उक्त खसरा नं. की किस्म बारानी 3 से आवासीय करवाना चाहते हैं। वर्तमान खसरा नं. 1019 रकबा 0.04 का साबिक खसरा नं. 769/2 दर्ज रिकॉर्ड होकर भूमि किस्म बारानी 3 दर्ज रिकॉर्ड होकर जमाबंदी सम्वत 2032 से 2035 में खसरा नं. बंशीधर पुत्र मांगीलाल ब्राम्हण सा0 गुढा खातेदार दर्ज होकर भूमि किस्म बारानी 3 दर्ज है। प्रार्थना पत्र के संलग्न सहायक भू प्रबंध अधिकारी उदयपुरवाटी की रिपोर्ट में खसरा नं. 1019 रकबा 0.30 है0 कि किस्म पुख्ता मकान, खसरा संख्या 1020 रकबा 0.01 है0 किस्म चाह दर्ज रिकॉर्ड है, वर्तमान जमाबंदी में भूमि कि किस्म बारानी 3 दर्ज रिकॉर्ड है। तहसीलदार ने अपनी रिपोर्ट में भूमि की किस्म बारानी 3 (पुख्ता मकानात) को बदलने की अभिशंषा भी की है। दौराने बहस वकील आवेदकगण द्वारा उपलब्ध करवाये गये फोटोग्राफ में भी भूमि पर मकान बने होना जाहिर है। अतः बाद अवलोकन पत्रावली प्रार्थना पत्र प्रार्थी न्यायालय मत पर स्वीकार किया जाना न्यायसंगत प्रतीत होता है। –: आदेश :– प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है तथा राजस्व ग्राम टोडी तहसील गुढागौड़जी जिला झुन्झुनूं में स्थित हाल भूमि खसरा नं. 1019 रकबा 0.04 है0 की किस्म बारानी 3 की बजाय किस्म गै0 मु0 आबादी दर्ज करने के आदेश दिये जाते हैं। तदनुसार तहसीदार राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद करे। आदेश की पालना हेतु तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार हो दर्ज नम्बर से कम हो तथा दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 11.07.2025 को खुले इजलास सुनाया गया। हस्ताक्षर 11/07/25 (हवाई सिंह यादव) उपखण्ड अधिकारी, झुंझुनूं	